कार्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, जिला बैतूल

क्रमांक/म.बा.वि.ध/2022 -23/बैतूल/3104 बैतूल, दिनांक 11./07/2022

प्रशस्ति पत्र

अंतरा फाउंडेशन के द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग व स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से अक्षिता कार्यक्रम का संचालन जुलाई 2020 से बैतूल जिले के इन परियोजना भीमपुर, भैंसदेही, बैतूल ग्रामीण, शाहपुर और घोड़ाडोंगरी में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम मातृ व शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण के मुद्दों पर कार्य करने के लिए चलाया जा रहा है।

कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य

मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाना कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य है जिसकी पूर्ती के लिए निम्नलिखित कार्य किये जाते हैं-

- मातृ, शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण विषयों पर तकनीकी ज्ञान और कौशल हेतु स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षकों का क्षमतावर्धन
- महिला एवं बाल विकास और स्वास्थय विभाग के जमीनी कार्यकर्ता - आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा, एएनएम की AAA मंच स्थापना, गांव का नक्शा बनाना, एवं नक़्शे पर लाभार्थियों का चिन्हांकन
- ग्राम स्तरीय AAA मंच के द्वारा अति जोखिम वाले लाभार्थी जैसे अति जोखिम वाली गर्भवती महिला, अति कुपोषित व कुपोषित बच्चे एवं आखिरी तिमाही वाली गर्भवती महिलाओं को प्रदान की जाने वाली सेवाओं का नियोजन और ट्रैकिंग

समग्र योजनाओं को विकसित करने और जमीनी स्तर के कार्यान्वयन का आंकलन करने के लिए डाटा की गुणवत्ता महत्वपूर्ण है। यह जिला और परियोजना अधिकारियों को उनके अधीन प्रणाली की जरूरतों को समझने में सहायता करता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए, महिला एवं बाल विकास विभाग (WCD) परियोजना भीमपुर, भैंसदेही, बैतूल ग्रामीण, शाहपुर और घोड़ाडोंगरी, ने व्यापक प्रयासों के माध्यम से मासिक प्रगति रिपोर्ट (MPR) में दर्शाए जा रहे डाटा की गुणवत्ता में सुधार करने का सफलतापूर्वक प्रयास किया है ।

जिला कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व और अंतरा फाउंडेशन से तकनीकी सहायता के साथ डेटा की समग्र गुणवत्ता को सुधारने के लिए उपाय किए गए। इन उपायों से परियोजना भीमपुर, भैंसदेही, बैतूल ग्रामीण, शाहपुर और घोड़ाडोंगरी के महिला एवं बाल विकास के लाभार्थी कवरेज स्वास्थ्य विभाग की तुलना में जैसे पंजीकृत गर्भवती महिला, प्रथम तिमाही मे गर्भवती पंजीकरण, चौथी प्रसव पूर्व जांच, कम वजन नवजात शिशु, पूर्ण टीकाकरण में उल्लेखनीय सुधार आया है। मातृ, शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण विषयों पर तकनिकी ज्ञान और कौशल हेतु स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षकों का क्षमतावर्धन किया गया है। साथ ही, संस्था ने शासन के मुख्य कार्यक्रम जैसे पोषण अभियान और स्वास्थ बालक-बालिका स्पर्धा में भी तकनीकी सहायता की है।

अंतरा फाउंडेशन टीम का जिले में प्रशंसनीय सहयोग रहा है। कार्यक्रम के विभिन्न गतिविधियों के संचालन के साथ साथ स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण, समीक्षा बैठक में आंकड़ों का उपयोग व कोविड-19 के लिए आवश्यक सप्लाई का सहयोग निरंतर रहा है जो सराहनीय है।

धन्यवाद!

11/7/22

संजय कुमार जैन

जिला कार्यक्रम अधिकारी, बेतुल